26th Jan. 2020 Hindustan

नाम जोड़ने के साथ मतदान में करें भागेदारी : डीएम

सासाराम | हिन्दुस्तान संवाददाता

मतदाता सूची में त्रुटियों को दूर करना होगा। जो योग्य वोटर होंगे, अधिक से अधिक नाम जोड़ने के साथ मतदान में अधिक भागेदारी करें। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर फजलगंज स्थित बहुद्देशीय भवन में आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन में डीएम पंकज दीक्षित ने कही। उन्होंने कहा कि मतदाता का एक मत देश का भविष्य बना सकती है। इसलिए हर वोटर लोकतंत्र के त्योहार में मतदान करना न भूलें। खुद मतदान करने के साथ आस-पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें। इससे मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा। कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिनका नाम तो वोटर लिस्ट में जुट गया। लेकिन मतदान करने नहीं गए। वैसे वोटर मतदान में जरूर भागेदारी लें।

एसपी सत्यवीर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रतिवर्ष 25 जनवरी को मनायी जाती है। भारत जैसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को ले कम होते रूझान को देख राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाना शुरू हुआ। इसके मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देश के सभी मतदान केंद्रों में प्रतिवर्ष उन सभी पात्र मतदाताओं की पहचान की जाएगी, जिनकी उम्र एक जनवरी को 18 वर्ष हो चुकी होगी। इस सिलसिले में 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में नाम दर्ज किए जाएंगे व उन्हें फोटो पहचापन पत्र दिए जाएंगे। उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्यप्रिय कुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग के संदेशों को सीधा प्रसारण देखा गया। इस दौरान उनके उनके बताए गए संदेशों पर शपथ ली गई। निर्वाचन से संबंधित फिल्में दिखायी गई। पीडब्लू ब्रांड आंबेस्डर व राष्ट्रीय खिलाड़ी शशिकांत पांडेय को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। डीएम-एसपी ने शॉल व बुके देकर सम्मानित किया। ईवीपी कार्यक्रम के तहत बनाए गए नए वोटरों के बीच ईपीक का वितरण किया गया। कार्यक्रम में एडीएम लालबाबू सिंह, डीडीसी सुरेंद्र प्रसाद, लोक शिकायत अधिकारी, अनिल पांडेय, भू-अर्जन पदाधिकारी राजेश गुप्ता, डीआरडीए निदेशक मो. मुमताज, एसडीसी चेतरायण राय, एसडीएम राजकुमार गुप्ता, रवींद्र राम समेत तमाम पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी थे।

लोकतांत्रिक परंपराओं की दिलाई गई शपथ

संझौली/नौहट्टा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस को ले मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। मुख्यालय पर बीडीओ की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को शपथ दिलाई गई। बीडीओ ने बताया कि मतदाता दिवस पर मतदाताओं को शपथ दिलाई गई कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए देश की लोकतांत्रिक परंपरा की मर्यादा को बनाए रखेंगे। मौके पर प्रमुख मनोज कुमार, रवींद्र कुमार, भगवान सिंह, सत्येंद्र पाठक, विवेक कुमार आदि थे। वहीं नौहट्टा प्रखंड के तिअरा कला सीआरपीएफ कैंप में सुभाषचंद्र झा की अगुवाई में मतदातओं ने शपथ ली। इस अवसर पर जवानों ने शपथ ली कि लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखेंगे।

शहर के मल्टीपरपस हॉल में मतदाता दिवस पर शपथ लेते डीएम, एसपी व अन्य अधिकारी।

निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शहर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जो न्यू स्टेडियम तक पहुंचा। इसमें अधिकारियों के अलावे आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका व स्कूली छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली में हिस्सा लिया। एसडीएम व एएसपी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली के माध्यम से वोटरों को जागरूक किया गया। जागरूकता रैली के दौरान पुरानी जीटी रोड पर वाहनों को परिवान बंद किया गया था। जबतक रैली स्टेडियम नहीं पहुंच गई, वाहनों का परिवालन शुरू किया गया।

जागरूकता शिविर में मतदाताओं ने ली शपथ

कोचस। राष्ट्रीय मतदाता शिविर के तहत शनिवार को प्रखंड के कई मतदान केंद्रों व गांवों में शिविर आयोजित की गई। जिसमें मतदाताओं ने भारतीय लोकतंत्र में आस्था जताते हुए शपथ ली। मतदाताओं ने शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए शपथ लेते हैं कि अपने देश के लोकतांत्रिक मर्यादाओं को बनाए रखेंगे। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन के गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भिक होकर, धर्म, जाति, समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। बीडीओ डॉ. मनोज कुमार, संतोष कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, शिवजी प्रसाद, राकेश कुमार सिंह, संजय कुमार, ऋषिमुनी सिंह थे। ए.सं.

Scanned with CamScanner